कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273
Accredited by NAAC with Grade "B"

दिनांक 19.08.2023

छुरिया महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया में प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के दिशानिर्देशन एवं IQAC प्रभारी डॉ. राजेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर के नेतृत्व में आज दिनांक 19.08.2023 को स्वीप प्लान के अंतर्गत रंगोली, निबंध, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के स्वागत से हुआ।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने अपने उद्‌बोधन में मतदाता के अधिकार के महत्व को बताया। चूंकि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए जनता अहम भूमिका निभाती है इसलिए देश के नागरिक होने के कारण समस्त विद्यार्थियों को अपना राजनैतिक अधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया।

तत्पश्चात छात्र–छात्राओं द्वारा वोट का मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों पर जिन विद्यार्थियों की आयु 18 वर्ष हो गई है मतदाता परिचय पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र भरवाया गया।

इस कार्यक्रम में स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. एच.एस. भाटिया, सहायक प्राध्यापक, श्री उष्यंत कुमार, श्री नरेन्द्र कुमार उमरिया, दीपिका ध्रुवे, श्री विनय चौरे अतिथि व्याख्याता श्री चैतराम यादव, श्री गैंदलाल सोनकर, सुश्री इंदिरा इंदु, श्री गन्नू साहू एवं महाविद्यालय के अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य